AI-1058 CV-19

B.A. Part-II

Term End Examination, March-April-2021

Hindi Literature

Paper-II

Time:- Three Hours

Maximum Marks- 75

Minimum Passing marks- 25

Time नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समन है।

**Note :** Answer all questions. All Questions carry equal marks.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:– 7X3=21

क. कोकिल वायस एक सम, पंडित मूरख एक।
इन्द्रामन दाड़िम विषम, जहॉन नेकु विवेकु।।
बसिए ऐसे देश नहिं, कनक वृष्टि जो होय।
रहिए तो दुःख पाइए, प्रान दीजिए रोय।।

अथवा

टके के वास्ते धर्म और प्रतिष्ठा दोनों बेचें।
टके के वास्ते झूठी गवाही दें।
टके के वास्ते पाप को पुण्य मानैं।
टके के वास्ते नीच को भी पितामह बनावें।
वेद,धर्म,कुल,मरजाद,सच्चाई,बडाई सब टके सेर।

ख. दण्ड कोप का ही एक विधान है।
राजदण्ड राजकोप है,और लोककोप धर्मकोप है।
जहां राजकोप धर्मकोप से एकदम भिन्न दिखाई पडे,
वहां उसे राजकोप न समझकर कुछ विशेष मनुष्यों का कोप समझना चाहिए।
ऐसा कोप,राजकोप के महत्व और पवित्रता का अधिकारी नहीं हो सकता।
उसका सम्मान जनता अपने लिए आवश्यक नहीं समझ सकती।

अथवा

तुम मिलोगे भी तो मेरे पास एक पल कहां ठहरोगे और ठहरे भी कुछेक क्षण तो है ही और वह विछोहऔर दुसह होगा, तुमसे प्रेम करने का अंतिम परिणाम दुरंत विरह है। विरह केवल तुमसे ही नहीं अपने से भी,सब कुछ से भी, जिससे भी जुडने का लगाव रहा है।

ग. देखो आदमी के सामने बड़ी समस्या यह है कि वह अपनी बची खुची शक्ति किस तरह काम में ले आये?आदिम जंगलीपन से लेकर आज तक की सभ्यता जो कुछ भी आदमी ने अपने को दुःखी या सुखी बनने के लिए किया है, वह इस शक्ति को काम में लाने के लिए। फिर दुःखी या सुखी तो इतनी ठोस चीजे हैं कि एक दिन तुम देखोगी कि यह शीशियों में बिका करेगी, शीशियों में।

अथवा

स्वतंत्रता का उत्सव हम मना रहें है अपने को भूल कर अपने गुण और मान्यताओं को भूलकर। आगे चलने में जो पीछे घूमकर देखते नही थे, वही अब दूसरों के पीछे सरपट दौड़ रहें है। स्वतंत्र भारत की स्वतंत्र की स्वतंत्र नारी को अब सबकुछ फाड़ फेंकना है।

2. 'अंधेरी नगरी' समसमायिक और उद्देश्यपूर्ण प्रहसन है। विवेचना कीजिए। 8

अथवा

'अंधेरी नगरी' प्रहसन की कथावस्तु संक्षेप में लिखकर कथावस्तु की समीक्षा कीजिए।

3. 'उस अमराई ने राम–राम कही है' का सारांश लिखिए। 8

अथवा

'क्रोध निबंध में निबंधकार ने क्रोध के सामाजिक स्वरूप की विस्तृत व्याख्या की है। इस कथन की विवेचना कीजिए।

4. 'दस हजार' एकांकी के पात्र विशाखाराम के चिरित्र–चित्रण कीजिए। 8

अथवा

स्ट्राइक एकांकी में उल्लेखित समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

5. निम्नलिखित में से किन्ही तीन पर टिप्पणी लिखिए:– 5X3=15

क. राहुल सांकृत्यायन के यात्रावृतांत।
ख. महादेवी वर्मा की गद्यशैली।
ग. नाटय के तत्व।
घ. ललित निबंध एवं वैचारिक निबंध में अंतर।
ड. व्यंग्य विधा और परसाई।

6. निम्नलिखित में से किन्ही पंद्रह प्रश्नों के उत्तर दीजिए:– 1X15=15

क. नाटक किस प्रकार का काव्य है।
ख. 'क्रोध' किस प्रकार का निबंध है।
ग. उस अमराई ने राम–राम कही है' के लेखक का नाम लिखिए।
घ. बेईमानी की परत के लेखक कौन है।

ङ. नाटय विधा पर रचित प्राचीनतम ग्रंथ का नाम बताइए।
च. राजनाथ किस एकांकी का पात्र है।
छ. स्ट्राइक के रचनाकार कौन है।
ज. दस हजार एकांकी में किस बात का वर्णन है।
झ. अतीत के चलचित्र किसकी रचना है।
ञ. आपके पाठ्यक्रम में कुल कितनी एकांकी संकलित है।
ट. महाकवि सूरदार किसकी रचना है?
ठ. आचार्य रामचंद शुक्ल के निबंध संग्रह का नाम बताइए।
ड. 'सदाचार का तावीज' के लेखक का नाम लिखिए।
ढ. राजो किस एकांकी का पात्र है?
ण. नीलदेवी नाटक के रचयिता का नाम बताइये।
त. बाबु गुलाब राय के पाठ्यपुस्तक में संकलित निबंध का नाम लिखिए।
थ. किस एकांकी में पाश्चात्य संस्कृति की प्रशंसा की गई है?